# न्यायालय कलेक्टर सीहोर जिला सीहोर(म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक :— 04/अ—20(3)/2021—22

म.प्र.शासन,

वन विभाग ———————————————————————————आवेदक

विरूद्ध

सर्वसाधारण,————————————————————————————अनावेदक

//आदेश//

(पारित दिनांक / / )

(अंतर्गत म0प्र0 नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश—2020)

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, कि म0प्र0 सम्भागीय प्रबंधक म0प्र0 सडक विकास निगम 45—ए अरेरा हिल्स भोपाल के पत्र क्रमांक 23954/एमपीआरडीसी/डी.एम./भोपाल/2021 भोपाल दिनांक 22/01/2021 के माध्यम से मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश—2020 अन्तर्गत सिद्धीकगंज हाट पिपलिया सडक चौडीकरण कार्य में वन विभाग की प्रभावित रकबा 3.720 हे के बदले ग्राम घुराडा कला स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1/1/क रकबा 9.247 हे0 में से 7.44 हे0 वन विभाग को हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. प्रकरण विधिवत पंजीबद्ध किया जाकर अनुविभागीय अधिकारी आष्टा से अध्याय—2 निर्देश—13 अंतर्गत मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश—2020 में विहित प्रक्रिया अनुसार जॉच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

3. तहसीलदार जावर/अनुविभागीय अधिकारी, आष्टा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि प्रकरण न्यायालय में दर्ज किया जाकर सर्व साधारण को सूचनार्थ, आपत्ति आमंत्रण हेतु इश्तहार प्रकाशन कराया गया। प्रकाशन उपरांत नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। प्रकरण में स्थानीय निकाय तथा संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश से अभिमत चाहा गया। नियत समयावधि में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा कोई आपत्ति नहीं होना प्रतिवेदित किया गया।

तहसीलदार जावर के आदेश पारित दिनांक 18 10 2021 में उल्लेखित वन संरक्षण नियम 2003 की निर्देशिका के कंडिका 2 एवं कंडिका 2.4 (i) के पालन में

सडक चौडीकरण में उपयोग की गई 3.72 हे0 वन भूमि के समतुल्य ग्राम घुराडा कला स्थित राजस्व भूमि सर्वे कमांक 1/1/क रकबा 9.247 हे0 नोईयत शासकीय में से 3.720 हे0 भूमि वन विभाग को हस्तांतरण किये जाने की अनुशंसा सहित प्रकरण प्रेषित किया गया है।

| क | खसरा कमांक | नाईयत | कुल रकबा (हेक्टेयर में) | हस्तान्तरित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/1/क | शासकीय | 9.247 | 3.72 |
| | कुल किता—1 | | 9.247 | 3.72 |

4. अनुविभागीय अधिकारी आष्टा से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन सहित प्रकरण मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश—2020 अध्याय—2 नियम—14 अंतर्गत जिला नजूल निर्वर्तन समिति के समक्ष भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति हेतु रखा गया। उक्त प्रस्ताव पर विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वे कमांक 1/1/क रकबा 9.247 हे0 नोईयत शासकीय में से 3.720 हे0कुल किता—1 रकवा 3.72 हे0 शासकीय भूमि हस्तांतरण हेतु सर्व सहमति से स्वीकृति प्रदान की गई।

5. प्रकरण मे संलग्न अभिलेखो, अनुविभागीय अधिकारी, आष्टा के प्रतिवेदन से सहमत होकर, विचारोपरांत मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 की कंडिका—14 अन्तर्गत ग्राम घुराडा कला तहसील जावर जिला सीहोर की निम्न सारणी अनुसार शासकीय भूमि वन विभाग कोवृक्षारोपण हेतुहस्तांतरित की जाती हैं।

| क | खसरा कमांक | नोईयत | कुल रकबा (हेक्टेयर में) | हस्तान्तरित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/1/क | शासकीय | 9.247 | 3.72 |
| | कुल किता—1 | | 9.247 | 3.72 |

**शर्ते :—**

1. आवंटित भूमि का उपयोग वन विभाग के वृक्षारोपण हेतु ही किया जावेगा।
2. आवंटित भूमि का स्वीकृत उपयोग परिवर्तन की स्थिति में पुन: सक्षम प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(चन्द्र मोहन ठाकुर)
कलेक्टर
जिला सीहोर

पृ0कमांक / 95 / भू.अ. / 22 सीहोर,दिनांक 03/02/2022

प्रतिलिपिः–

1. सम्भागीय प्रबंधक एम0पी0आर0डी0सी0 भोपाल मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. वनमंडलाधिकारी, सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अनुविभागीय अधिकारी(रा)आष्टा / तहसीलदार, जावर जिला सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। हस्तांतरण आदेश का राजस्व अभिलेखों में अमल कराना सुनिश्चित करें। पालन उपरांत अपडेटेड खसरा नकल इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

(चन्द्र मोहन ठाकुर)
कलेक्टर
जिला सीहोर

सामान्य वनमंडल सीहोर
आवक क्रं 632
दिनांक 9-2-22

# कार्यालय
# सामान्य वनमण्डल सीहोर

Mob-9424790850 E-mail :- dfot.seh@mp.gov.in

सीहोर–इछावर मार्ग, सीहोर (म.प्र.)466001

सीहोर, दिनांक 11/02/2022

पृ.क्रमांक/मा.चि./2022/ 1337

प्रतिलिपिः-

1. उप वनमण्डलाधिकारी सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. वनपरिक्षेत्राधिकारी आष्टा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर लेख है कि उक्त हस्तांतरित भूमि के संबंध मे निम्नलिखित बिन्दुवार कार्यवाही कर अपना अभिमत 03 दिवस में प्रेषित कराना सुनिश्चित करावें।
   (I) उक्त हस्तांतरित भूमि अतिक्रमण रहित हो तथा वृक्षारोपण एवं वन प्रबंधन कि दृष्टि से उपयुक्त है।
   (II) प्रस्तावित भूमि की वन सीमा से दूरी।
   (III) प्रस्तावित हस्तांतरित भूमि की KML file तैयार कर प्रेषित करें।
   (IV) आपका स्वयं का स्थल निरीक्षण एवं उपयुक्ता प्रमाण पर निरीक्षण दिनांक सहित प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल सीहोर

CLR No. : 11086797326

मध्यप्रदेश कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख

# खसरा

प्ररूप एक (नियम 6 देखिए)

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम, 2020

| ग्राम: धुराड़ाकला | | | पटवारी हल्का: धुराडाकला | | | तहसील: जावर | | | जिला: सीहोर | | वर्ष: 2023-2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूमि के भाग की यूनिक आईडी | भूमि के भाग का प्रकार (सर्वेक्षण संख्यांक /ब्लॉक संख्यांक) | भू-खण्ड संख्यांक (ब्लॉक की दशा में) | 1. क्षेत्रफल (हेक्टेयर/वर्ग मीटर में) 2. भूमि उपयोग जिसके लिए निर्धारण किया गया है 3. भू-राजस्व/भू-भाटक (रु. में) | 1. भूमिस्वामी का नाम, उसकी माता /पिता / पति का नाम तथा निवास का पता 2. शासकीय भूमि | प्रत्येक भूमि स्वामी का अंश | 1. सरकारी पट्टेदार का नाम, उसकी माता/पिता/पति का नाम तथा निवास का पता 2. पट्टे की अवधि 3. पट्टे के अधीन क्षेत्र | मौरूसी कृषक (यदि कोई हो) का नाम, उसकी माता/पिता/पति का नाम तथा निवास का पता | भूमि पर विल्लंगम तथा प्रभार 1. बंधक 2. दृष्टिबंधक 3. भू-अर्जन प्रक्रियाधीन | फसल के ब्यौरे<br>फसल 1. खरीफ 2. रबी 3. जायद 4. अन्य | फसल के अधीन क्षेत्रफल | 1. भूमि के सिंचाई संबंधी प्रास्थिति 2. भूमि पर संरचना /वृक्ष 3. अन्य अभियुक्तियां 4. वर्ष के दौरान कॉलम संख्या (1) से (9) तक में प्रविष्टियां में सुधार के आदेश |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 156796 4878<br>80QV2 HD9H0 PNH0 | 1/1/7/ 2 (S) | | 3.7200 हेक्टेयर<br>रु.0.00 | (शासकीय)<br>वन विभाग मध्यप्रदेश शासन<br>शासकीय संस्था | 1 | | | | | | कलेक्टर द्वारा प्र. क्र.0004/अ-20(3)/2021-22 एवं आदेश दिनांक03/02/2022के अनुसार दिनांक 20/09/2022 को खसरा टिप्पणी में परिवर्तन दर्ज।<br>प्रकरण क्र.0895/अ-6(अ)/2021-22 आदेश दिनांक 13/11/2021 के अनुसार पूर्व में खसरा नं.1/1/क से 1/1/7 में परिवर्तित।<br>न्यायालय कलेक्टर के प्रकरण क्र. 0004/अ-20(3)/2021-22, आदेश दि. 03/02/2022 के अनुसार भू-अभिलेख अद्यतित।<br>बेजा कब्जा<br>न्यायालय कलेक्टर के प्रकरण ०००४/अ-२०(३)/२०२१-२२ आदेश दिनांक ०३/०२/२०२२ के अनुसार भूमि सर्वे क्र १/१/7 रकबा 9.247 मे से 3.720 भूमि वन विभाग को वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित की गई। |

8 DEC 2023

Digitally signed by DS COMMISSIONER LAND RECORDS MADHYA PRADESH 1
Date: 2023.12.08 11:22:26 IST
Reason: Digital Extract of Land Record - Khasra Copy
CLR No. : 11086797326